# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर

धरमपुरा–2,जगदलपुर, जिला–बस्तर छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

## Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode - 494001

Web: www.smkvbastar.ac.in E-mail-exambastar@gmail.com.Telephone 07782-229884,

क्रमांक / 1236 / परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2025 जगदलपुर, दिनांक 22/ 07 / 2025

## / / अधिसूचना / /

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर द्वारा बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम, बी.सी.ए., बी.एच.एस.सी, भाग–02,03, के परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् पूरक की पात्रता रखने वाले परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा 2025 सत्र 2024–25 में सम्मिलित होने के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने एवं प्रिंटआउट की छायाप्रति महाविद्यालय में जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :–

| क्र. | आवेदन विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा पूरक परीक्षा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि। | 23.07.2025 से 30.07.2025 तक |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन सबंधित महाविद्यालय में जॉच (Online Verify) करने के पश्चात् आवेदन एवं अंकसूची की छायाप्रति सहपत्रों सहित जमा करने की तिथि। | 23.07.2025 से 31.07.2025 तक |
| 03 | महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाईन किये गये पूरक परीक्षा आवेदनों का (Verified Student) की सत्यापित सूची के साथ विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि। | 01.08.2025 से 05.08.2025 तक |

**1. <u>परीक्षाथियों द्वारा ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन करने की प्रक्रिया</u> :–**

I. पूरक परीक्षा 2025 के स्नातक कक्षाओं में पात्रता रखने वाले परीक्षार्थी सर्व प्रथम विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** के माध्यम से Student Login में User ID & Password के माध्यम से Login करेंगे।

II. Login करने के उपरांत Supply Exam Form विकल्प का प्रयोग करकें ऑनलाईन आवेदन कर Online Fees Payment करेंगे।

III. परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन में उन्हीं विषयों / प्रश्नपत्रों / अनुक्रमांक का उल्लेख करेंगे जो वार्षिक परीक्षा 2025 की अंकसूची में दर्ज है।

IV. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन करने के पश्चात परिपूरित ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की दो प्रति प्रिन्टआउट प्राप्त कर एक प्रति अपने पास रखेगें तथा दूसरी प्रति आवश्यक दस्तावेजों की छाया प्रति संलग्न कर अग्रेषण शुल्क 35 / –रू. (प्रति छात्र) के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय में जमा करेंगे।

**2. <u>परीक्षा शुल्क</u> :– पूरक परीक्षा 2025 सत्र 2024–25 के लिए निम्नानुसार परीक्षा शुल्क निर्धारित है :–**

| स.क्र. | कक्षा का नाम | पूरक परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|
| 01 | B.A./B.COM. – Part - II,III | 720.00 |
| 02 | B.SC./B.H.SC./ B.C.A. - Part - II,III | 1000.00 |

**<u>आवश्यकतानुसार शुल्क निम्नानुसार देय होगा</u>**

I. ऑनलाईन आवेदन अग्रेषण शुल्क / ऑनलाईन सत्यापन शुल्क पूरक के लिए 35 / –रू.।

II. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पर्यावरण अध्ययन विषय लेने पर अतिरिक्त विषय के रूप में शुल्क 135 / –रू. ऑनलाईन भुगतान करना होगा।

## 3. शुल्क संबंधी एंव आवश्यक निर्देश :–

I. परीक्षार्थी ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् पुनः समस्त भरे हुए ऑनलाईन आवेदन का परीक्षण करें, सही होने पर ही पूरक परीक्षा शुल्क के Option में जाकर निर्धारित परीक्षा शुल्क अधिसूचित भारतीय बैंक के डेबिटकार्ड/केडिटकार्ड/इन्टरनेट बैंकिग के माध्यम से परीक्षा शुल्क ऑनलाईन भुगतान करेंगे।

II. ऑनलाईन भुगतान करते समय अपने बैंक खाते का विवरण, डेबिटकार्ड/क्रेडिटकार्ड/इन्टरनेट बैंकिग का नंबर/यूजर आईडी/पासवर्ड/पिन किसी भी व्यक्ति से साझा न करें। सुरक्षा, सर्तकता और गोपनीयता की जिम्मेदारी आपकी होगी।

III. परीक्षा आवेदन हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड कर परीक्षा फीस का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात परीक्षा आवेदन के प्रिंटआउट की एक प्रति अपने पास रखें तथा दूसरी प्रति महाविद्यालय में जमा करें।

IV. परीक्षार्थी ने Exam Fees का भुगतान कर दिया है और उसके अकांउट से निर्धारित शुल्क की राशि कट गई है एंव Transaction स्टेटस Pending दिखा रहा हो तो दोबारा पेमेंट न करें। पोर्टल में Transaction Complain में जाकर ऑनलाईन भुगतान करते समय प्राप्त Transaction ID को दर्ज करें। Transaction ID को Copy कर Paste भी कर सकते हैं। एंव Try Settlement में Click करें।

V. परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान सावधानी पूर्वक करें। एक से अधिक बार भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा।परीक्षा शुल्क भुगतान में समस्या हो तो **विश्वविद्यालय हेल्प लाईन नं. 07782-229884** में सम्पर्क करें।

VI. परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन भुगतान सावधानी पूर्वक करें। बार–बार भुगतान के प्रयास से अधिक भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा।

## 4. Complain Box

यदि परीक्षार्थी को ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में शिकायत करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है:–

- सबसे पहले विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** से Other- Complain Box में Click करेगें।
- परीक्षार्थी अपना Name, Mobile No., User Id दर्ज कर अपना Problem Message Box में दर्ज कर Submit करेगें।
- अपने Complain की स्थिति जानने के लिए Track Complain में Click करेगें।

## 5. हेल्पलाईन नं.:–

- **विश्वविद्यालय :– 07782-229884, 229215**
- **वेबसाईट :– 9329021473, 9343640380, 9343619284,**

## 6. महाविद्यालय के प्राचार्य (अग्रेषणकर्ता अधिकारी) के लिए निर्देश :–

I. परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई शुल्क की राशि निर्धारित राशि अनुसार है का परीक्षण आवश्यक है।

II. ऑनलाईन आवेदन की प्रिन्टआउट में शुल्क का विवरण अंकित रहता है अतः पृथक से शुल्क की रसीद का मांग न की जाय।

III. पूरक परीक्षार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने के पश्चात अग्रेषण शुल्क राशि रू. 35/–(पैंतीस रूपये मात्र) प्रतिछात्र महाविद्यालय में जमा करेंगे।

IV. परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के साथ अपलोड किये गये दस्तावेजों का जॉच **(Document Verification)** करने की प्रक्रिया वेबसाईट**www.smkvbastar.ac.in** में प्राचार्य के **User-ID & Password** के माध्यम से निम्नानुसार होगा:–

- **Manage student** में **Click** करेगें।
- **Exam Document Verify** में **Click** करेगें।
- **User-ID** का **View Document** में **Click** करेगें। आवश्यकतानुसार दस्तावेज अपलोड होने पर **Verify** करेगें।
- **Dashboard Exam Document University Remark "Click Here"** से सूची प्राप्त करेंगे।

V. महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन किये गये पूरक परीक्षा आवेदनों का **(Verified Student)** की सत्यापित सूची एंव अशेष प्रमाण पत्र के साथ विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा।

VI. ऐसे परीक्षार्थी जो पात्र न होते हुए भी ऑनलाईन आवेदन किया है वे परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे तथा उनके परीक्षा आवेदन निरस्त होंगे।

VII. अग्रेषणकर्ता अधिकारी विश्वविद्यालय को इस आशय का अशेष प्रमाण पत्र देगें कि महाविद्यालय मे किसी भी परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन शेष नहीं है।

**7. परीक्षा समय सारणी :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, द्वारा समय सारिणी (**Time Table**) यथा समय जारी की जाएगी। परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तिथियॉ परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय के सूचना पटल से तथा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय कर्मा विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में देख सकते हैं।

**8. प्रवेश पत्र :–**

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के एक सप्ताह पूर्व शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** से प्रवेश पत्र (**Admit Card**) डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र सुरक्षित रखें, बिना प्रवेश पत्र के अंकसूची प्रदाय नहीं किया जावेगा।

**(कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)**

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/ 1237 /परीक्षा/गोपनीय/श.म.क.वि.वि./2025 जगदलपुर, दिनांक 22 /07/2025

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्चशिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नया, रायपुर (छ.ग.)।
3. आयुक्त, उच्चशिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी द्वितीय तल, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)।
4. माननीय कुलपति जी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को इस अनुरोध के साथ अग्रेषितकि वे अग्रेषणकर्ता, अधिकारी के लिए जारी निर्देश का पालन करते हुए परीक्षण कर पूरक परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करें।
6. समन्वयक, IQAC शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।
7. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. आई.टी. सेल/वेबसाईट प्रभारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. समस्त विभाग, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।
10. सूचना पटल मे प्रदर्शित करें।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)